# कार्यालय प्राचार्य, श्री नीलकण्ठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खण्डवा (म.प्र.)

दूरभाष क्र.: **0733-2222206**, ई-मेलआई.डी.: **hegsnpgckhn@mp.gov.in; sngpg_collegekhandwa@yahoo.com; semestercell@rediffmail.com**


क्र. 3387 /2023 खण्डवा, दिनांक: 09/12/2023

प्रति,

श्रीमान आयुक्त महोदय,
जनसम्पर्क संचालनालय,
टैगोर मार्ग, बाणगंगा,
भोपाल - 462003 (म.प्र.) ।

विषय :- **महाविद्यालयीन वार्षिक पत्रिका "त्रिधारा" वर्ष 2023-24, अंक 58** की निविदा के प्रकाशन विषयक ।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका **त्रिधारा वर्ष 2023-24, अंक 58** का प्रकाशन माह फरवरी 2024 में किया जाना प्रस्तावित है। पत्रिका प्रकाशन हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाना है।

अत: आपसे निवेदन है कि कम से कम एक राष्ट्रीय एवं दो प्रादेशिक स्तर के समाचार पत्रों में निविदा का प्रकाशन करते हुए प्रकाशन की जानकारी से महाविद्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें।

सधन्यवाद ।

संलग्न :- निविदा ।

(डॉ. गणेश प्रसाद दावरे)
*Principal*
S.N.Govt. P.G.College
Khandwa (M.P.)

## श्री नीलकण्ठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खण्डवा (म.प्र.)

### // निविदा आमंत्रण //

महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका **"त्रिधारा" वर्ष 2023-24, अंक 58** के प्रकाशन हेतु निविदाएँ विज्ञापन **प्रकाशन से 21दिवस के अंदर** आमंत्रित की जाना हैं। पत्रिका प्रकाशन हेतु निविदा की शर्तों की विस्तृत जानकारी हेतु महाविद्यालयीन कार्यालय से संपर्क करें अथवा महाविद्यालय की वेबसाईट **(http:/snpgcollegekhandwa.in/)** का अवलोकन करें ।

(डॉ. गणेश प्रसाद दावरे)
Principal
S.N.Govt. P.G.College
Khandwa (M.P.)

# कार्यालय प्राचार्य, श्री नीलकण्ठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खण्डवा (म.प्र.)

दूरभाष क्र.: 0733-2222206, ई-मेलआई.डी.: hegsnpgckhn@mp.gov.in; sngpg_collegekhandwa@yahoo.com; semestercell@rediffmail.com


क्र. /2023 खण्डवा, दिनांक: 09/12/2023

## निविदा शर्तें एवं विवरण

महाविद्यालय पत्रिका **"त्रिधारा" वर्ष 2023-24, अंक 58** का प्रकाशन **माह फरवरी 2024 तक** किया जाना है, जिसके मुद्रण हेतु कागज सहित निम्न बिंदुओं पर निविदा (न्यनूतम दरें, समस्त कर सहित) आमंत्रित की जाती है -

1. पत्रिका का **आकार A-4** साइज होगा ।
2. पत्रिका का आवरण पृष्ठ **250 GSM** लेमिनेशन के साथ-मल्टी कलर में रहेगा।
3. पत्रिका में छायाचित्र आवरण के अंदर एवं बाहर **रंगीन** प्रिंट होंगे।
4. पत्रिका के कुल **अनुमानित पृष्ठों की संख्या (कवर छोड़ कर) 80 होगी।** पृष्ठ संख्या **परिवर्तनीय** है ।
5. पत्रिका की विषय सामग्री हिन्दी, अंग्रेजी तथा संस्कृत भाषा में होगी ।
6. पत्रिका की संख्या **4000** होगी। संख्या **परिवर्तनीय** है ।
7. संपूर्ण पत्रिका का प्रकाशन **ग्लेज्ड पेपर** (पेपर क्वालिटी **130 /150/ 170 GSM, A-4** साइज) पर होगा ।
8. प्रूफ रीडिंग हेतु पत्रिका संस्था में भिजवाना होगी ।
9. पत्रिका की अंतिम रूप से छपाई से पूर्व उसका सैंपल संस्था से **स्वीकृत एवं अनुमोदित** कराना होगा ।
10. पत्रिका की सॉफ्ट प्रति **(एम.एस. वर्ड, पी.पी.टी., पी.डी.एफ. फाईल में)** भी जमा कराना होगी ।
11. मुद्रण कार्य संतोषजनक एवं समय-सीमा में शर्तों के अनुसार पूर्ण होने पर एवं पत्रिका के अनुमोदन उपरांत ही भुगतान किया जावेगा ।
12. **एफ.ओ.आर. (F.O.R.)** श्री नीलकण्ठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खण्डवा, मध्य प्रदेश होगा ।
13. **जी.एस.टी., टी.आई.एन. पंजीयन, टैक्स क्लीयरेंस प्रमाण पत्र** इत्यादि आवश्यकतानुसार उपलब्ध कराना होगा ।
14. **सुरक्षा निधि रू. 5000** मात्र का राष्ट्रीयकृत बैंक का बैंक ड्राफ्ट महाविद्यालय के प्राचार्य के नाम से निविदा के साथ संलग्न करना होगा ।
15. पत्रिका में किसी भी स्तर पर कोई भी संशोधन दोनों पक्षों की सहमति से किया जा सकेगा ।
16. पत्रिका प्रकाशन निविदा को पूर्ण / आंशिक रूप से बिना कोई सूचना के स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार प्राचार्य का रहेगा।

17. किसी भी विवाद की स्थिति में प्राचार्य का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

निविदाएँ सीलबंद लिफाफे में (लिफाफे पर **"निविदा महाविद्यालय पत्रिका त्रिधारा हेतु"** लिखकर) विज्ञापन **प्रकाशन की तिथि से 21 दिवस के अंदर** पंजीकृत डाक / कोरियर / स्वयं द्वारा महाविद्यालय कार्यालय में जमा कर सकते हैं ।

| उपर्युक्त शर्तों सहित (आवरण पृष्ठ छोड़कर) | दर - 4000 प्रतियों हेतु (रू. में) | | | दर - अतिरिक्त प्रत्येक प्रति हेतु (रू. में) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | A4-Size 130 GSM Paper | A4-Size 150 GSM Paper | A4-Size 170 GSM Paper | A4-Size 130 GSM Paper | A4-Size 150 GSM Paper | A4-Size 170 GSM Paper |
| पृष्ठ संख्या 76 के लिए | | | | | | |
| पृष्ठ संख्या 80 के लिए | | | | | | |
| पृष्ठ संख्या 84 के लिए | | | | | | |

(डॉ. मनीषा सिंह)
संयोजक, पत्रिका संपादक मण्डल

(डॉ. गणेश प्रसाद दावरे)
प्राचार्य
Principal
S.N.Govt. P.G.College
Khandwa (M.P.)